हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 मां भद्रकाली मानस संघ ने किया दीपावली मिलन का आयोजन...



12 परमात्मा शिव प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित ...



# बेमेतरा की तीन बच्चियां राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में करेंगी राज्य का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

द्वितीय राष्ट्रीय पायथियन खेलों के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में बेमेतरा की तीन बच्चियों का चयन हुआ है। ये तीनों बच्चियाँ कस्तूरबा हॉस्टल से हैं और सेजस हिंदी माध्यम गर्ल्स स्कूल में पढ़ती हैं। चयनित बच्चियों के नाम खुशबू, आंचल और दामिनी हैं। गतका संघ के अध्यक्ष जगजीत और सचिव अजय वर्मा, दीपांकर, वेद राम ने बच्चियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक खेल गतका को वैश्विक मंच पर ले जाना है। चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। पीसीआई द्वारा प्रतिभागियों को आवास, भोजन और टूर्नामेंट किट सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी।

जीकेवीके, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज़, बेंगलुरु में आयोजित इस रोमांचक खेल उत्सव के दौरान, विश्व गतका फेडरेशन और एशियाई गतका फेडरेशन से संबद्ध देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय गतका शासक संस्था - नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनजीएआई) - द्वारा द्वितीय फेडरेशन गतका कप की मेजबानी भी की जाएगी। यह आयोजन पायथियन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के सहयोग से द्वितीय राष्ट्रीय पायथियन खेलों के साथ-साथ आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक खेल गतका को एक प्रमुख वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाना है।

## बेंगलुरु में द्वितीय राष्ट्रीय पायथियन खेलों में होगा प्रतियोगिता का आयोजन



### गतका स्वर्ण पदक विजेता मास्को में अंतरराष्ट्रीय पायथियन खेलों में लेंगे भाग

जानकारी देते हुए अजय वर्मा ने बताया कि बेंगलुरु शहर भारत की प्राचीन मार्शल आर्ट्स और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के मुकाबले देखने के लिए तैयार है, जहाँ 7 से 9 नवंबर तक देश की बेहतरीन खेल और सांस्कृतिक प्रतिभाओं का एक भव्य राष्ट्रीय आयोजन होगा। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम द्वितीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक पायथियन खेल देशभर की पारंपरिक खेल विधाओं को नया स्वरूप देने की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बनेगा।

## तैयारी : एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसान ही बेच सकेंगे सरकार को धान

# जिले के 1 लाख 62 हजार 900 किसानों ने कराया पंजीयन, 9 नवंबर से कटेगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान की सरकारी खरीदी से पहले पंजीयन का काम पूरा कर लिया गया है। 31 अक्टूबर तक चले पंजीयन कार्य में जिले के 1 लाख 62 हजार 900 किसानों ने धान बेचने पंजीयन कराया है। हालांकि यह संख्या पिछले साल के पंजीयन आंकड़े से 12 सौ कम है, लेकिन अफसरों का कहना है कि पिछले साल धान बेचने वाले किसानों से अधिक का पंजीयन हो चुका है। इधर पंजीयन के बाद अब टोकन को लेकर भी तैयारी शुरू है। आगामी 9 नवंबर से किसानों को एप एवं समितियों से टोकन दिए जाएंगे।

इधर धान खरीदी से पहले जिलेभर में सोमवार से ट्रायल रन यानि डमी खरीदी की जानी थी, लेकिन समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के संयुक्त हड़ताल में चले जाने से सोमवार को होने वाले ट्रायल रन पर भी असर देखने को मिला है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। ज्ञात हो कि पिछले एक पखवाड़े से समिति प्रबंधक अपनी मांगों को लेकर विरोध जता रहे हैं। इसी क्रम में वे संभाग स्तर के प्रदर्शन को शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ भी शामिल हो रहा है।



### संभाग स्तर पर आंदोलन शुरू

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आह्वान पर प्रदेश के सभी संभाग में आंदोलन प्रारंभहो गया है। मंगलवार से दुर्ग संभाग में सातों जिले के कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर धान खरीदी प्रभारी हड़ताल में शामिल हुए। हड़ताल में सभी जिलों से भारी संख्या में कर्मचारी धरनास्थल पर पहुंचकर अपनी मांगों के संबंध में आवाज बुलंद किया। शासन-प्रशासन स्तर से किसी भी प्रकार की कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके चलते आंदोलन आगे भी जारी रहने की बात कही जा रही है।

### बफर लिमिट में इजाफा

इस बार उठाव को लेकर होने वाली समस्या को देखते हुए काई समितियों के बफर लिमिट को डेढ़ गुना तक बढ़ा दिया गया है। समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल तक जहां कम से कम ? हजार क्विटल को सीमा बफर लिमिट के लिए तय थी। इस बार इसमें इजाफा करते हुए अब दस हजार क्विटल को बफर लिमिट बना दिया गया है। वहीं धान उठाव को लेकर भी 31 मार्च की तिथि तय कर दी गई है। ऐसे में समिति प्रबंधकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### जिले में पिछले साल से 11 सौ कम पंजीयन

31 अक्टूबर तक चले पंजीयन कार्य के तहत जिले में इस बार 1 लाख 62 हजार 9 सौ किसान ने पंजीयन कराया है। वहीं पिछले साल 1 लाख 64 हजार किसान का पंजीयन हुआ था। हालांकि धान बेचने 1 लाख 57 हजार किसान ही आए थे। पिछले बार के हिसाब से 11 सौ पंजीयन कम हुआ लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इस बार धान बेचने अधिक किसान आयेंगे।

### केंद्र संभालेंगे अधिकारी

ज्ञात हो कि इस बार नए नियम के तहत समितियों में अनुविभागीय स्तर के अफसरों को प्रभारी बनाने कहा गया है। जिले में 102 धान खरीदी केंद्रों में से कुछ केंद्र को अतिसंवेदनशील मानते हुए अनुभागीय स्तर के कर्मचारी को खरीदी प्रभारी बनाया जा रहा है। जबकि शेष खरीदी केंद्रों में समिति प्रबंधकों के जरिये ही धान खरीदी होगी। हालांकि समिति प्रबंधक संघ का कहना है कि यदि खरीदी प्रभारी बनाए जा रहे हैं तो सभी केंद्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को प्रभारी बनाया जाना चाहिए।

## जोगी डबरी तालाब पर अतिक्रमण की मार, मिट्टी भराई और पक्के निर्माण से खतरे में अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

कभी जिसके किनारे सुबह की पहली किरण के साथ गांव की रौनक बसती थी, अब वहीं अवैध निर्माण और कब्जे का आलम है।

- कभी गांव की पहचान रहा तालाब अब कब्जों की जद में
- नागरिक बोले- अब प्रशासन नहीं जागा तो बचेगा सिर्फ नाम

वार्ड क्रमांक 01 का प्रसिद्ध जोगी डबरी तालाब, जो कभी ग्रामीणों और मवेशियों दोनों के लिए जीवन का आधार था, अब अतिक्रमण की मार झेल रहा है।

नगरवासियों ने तहसीलदार नवागढ़ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि तालाब के चारों ओर लगातार मिट्टी भराई और पक्के निर्माण हो रहे हैं। जहां कभी बच्चे नहाते थे और मवेशी पानी पीते थे, अब वहां दीवारें खड़ी हो रही हैं। नागरिकों ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन तालाब बचाने तब आएगा जब पानी की जगह ईंटें तैरने लगेंगी?

ज्ञापन में कहा गया है कि तालाब की सीमाएं धुंधली पड़ गई हैं। आसपास कथित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घरों के बाद अब कुछ लोगों ने धीरे-धीरे तालाब के हिस्से पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। इससे निस्तारी, स्नान और मवेशियों के पेयजल की सुविधा पर सीधा असर पड़ा है। वार्डवासियों ने चेताया कि अगर प्रशासन ने अब कार्रवाई नहीं की, तो अगली गर्मी तक यह तालाब सिर्फ यादों का तालाब रह जाएगा।

### तालाब संरक्षण की मांग

तालाब की रक्षा के लिए नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत सीमांकन कराकर चारदीवारी बनाए, अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करे और तालाब का पुनर्जीवन कार्य शुरू करे। ज्ञापन में प्रमुख रूप से धनीराम निर्मलकर, वीरेन्द्र पाल, दूजे यादव, राजकुमार वर्मा, बसोहर पाल, चैत राम, सुरेश चौहान, जनक, ओंकार, विनोद पाल, कैलाश साहू सहित दो दर्जन नागरिकों के हस्ताक्षर हैं। निवासियों ने व्यंग्य करते हुए कहा — तालाब पर कब्जा हो गया, अब अगली बारी निस्तारी की होगी... फिर शायद पीने का पानी भी आवेदन लगाकर मांगना पड़े! अब देखना यह है कि प्रशासन तालाब बचाने आगे आता है या नवागढ़ की यह ऐतिहासिक डबरी कागजों में 'जलाशय' बनकर रह जाएगी।

## खबर संक्षेप

### छेड़खानी करने वाले दो युवक पकड़ाए

**भिलाई।** छेड़खानी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सेक्टर 9 भिलाई मेडिकल से दवाई लेकर अपनी एक्टिवा से घर जा रही युवती को चौक के पास दो युवक बाइक सीजी 07 सीएल 4907 में पीछा करने लगे। उनसे बचने के लिए युवती ने गली में एक्टिवा को मोड़ दी। तब दोनों युवक अपनी बाइक को युवती के वाहन के सामने खड़ी कर उसे गाली गलौज कर हाथ पकड़ कर जबरदस्ती अपने बाइख में बैठाने लगे। छेड़खानी का विरोध करने पर अरोपियों ने युवती का बाल खींच कर मारपीट भी किया। युवती के चिल्लाने पर आसपास के लोग आए तब दोनों युवक फरार हो गए। पकड़े जाने के बाद युवकों से पूछताछ करने पर सेक्टर 9 भिलाई निवासी चन्द्रमणी ताण्डी, सेक्टर 07 अनुराग कुम्हार बताया है। आरोपियों द्वारा युवती का रास्ता रोक कर बेइज्जत करने के नियत से उसके साथ घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### जमीन के नाम पर की धोखाधड़ी, तीन पकड़ाए

**भिलाई।** जमीन का फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम पतोरा दुर्ग निवासी पुसऊराम साहू के मॉ स्व. सुरजाबाई साहू के नाम पर संयुक्त रुप से भूमि स्वामित्व में मौजा भू अभिलेख में दर्ज रहा है। पीड़िता का का पुत्र रुपेश कुमार साहू पर दबाव बनाकर अनुचित लाभ उठाते हुए पतोरा निवासी भूनेश्वर साहू, अचानकपुर देवादास मानिकपुरी, पूरन लाल साहू व अन्य साथियों के द्वारा मिलकर लाखों रुपये की जमीन को हड़पने का प्रयास किया। जिसके लिए तीनों ने मिलकर जमीन का के लिए कूटरचित आम मुख्त्यारनामा उप.पंजीयक कार्यालय दुर्ग में तैयार कराया। पीड़ित के बिना जानकारी के दस्तावेज तीनों आरोपियों ने तैयार किया। थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम की टीम ने तीनो आरोपी भुनेश्वर, देवादास,पूरन लाल के बारे में पातासजी कर गिरफ्तार किया।

### चाकू दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदी रोड दुर्ग के पास से डिपरा पारा दुर्ग निवासी कृष्णा सेन को पकड़ा गया है। युवक लोगों को धारदार चाकू लेकर डरा धमका रहा था। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया है।

### कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**पाटन।** कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम अखरा कडरा निवासी अनिल कुमार मरकाम उर्फ बन्नु 28 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। अनिल लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज लेकर परेशान हो गया था। अपने मकान के कमरे को भीतर से बंद कर अनिल आत्महत्या की। देर सुबह तक कमरा नहीं खुलने पर परिजनों ने झांकर देखने पर उसका शव फांसी पर झूलते नजर आया। सूचना पुलिस को मिलने पर घटनास्थल पहुंची। मृतक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें कर्ज से परेशानी के कारण आत्महत्या करना लिखा हुआ है और लोन को माफ करने की गुजारिश भी की गई है। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक विवाहित है।

## जिला पंचायत सीईओ ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार को कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेमलता पदमाकर की मौजूदगी में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें, समस्याएँ और मांगें रखीं। इस दौरान सीईओ श्रीमती पदमाकर ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का निराकरण मौके पर ही किया गया, जबकि जांच योग्य मामलों को टीएल पंजी (टाइम लिमिट रजिस्टर ) में दर्ज कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

- 29 आवेदन प्राप्त हुये, कई मामलों का हुआ त्वरित निराकरण

जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई तात्कालिक महत्व के थे। इनमें भूमि संबंधी विवाद, पेंशन, मुआवजा, आवास योजना, विद्युत तारों की ऊँचाई, रास्ते की समस्या, मुक्तिधाम के लिए भूमि जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। तहसील बेरला के ग्राम टेमरी निवासी नारायण प्रसाद ने ख़सरावार पंजीयन नहीं दिखाए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। तहसील साजा के ग्राम बेन्द्रची के समस्त ग्रामवासियों ने भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि प्राप्त करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ के ग्राम रनबोड़ निवासी फूलसिंग और खेलनराम ने लगानी भूमि पर आने-जाने के रास्ते की मांग की। तहसील थानखम्हरिया के ग्राम बनराका के सतनामी समाज ने मुक्तिधाम हेतु भूमि सुरक्षित करने का अनुरोध किया। वहीं तहसील दाढ़ी के ग्राम सुखाताल निवासी चमेली घृतलहरे ने 33000 केवी और 11000 केवी विद्युत तारों को ऊपर उठाने की मांग रखी।

### पेंशन, आवास और दिव्यांग सहायता से जुड़े आवेदन भी प्राप्त

इसके अतिरिक्त, आम नागरिकों द्वारा निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, तथा आम रास्ता खुलवाने जैसे विषयों पर भी आवेदन प्रस्तुत किए गए। सीईओ श्रीमती प्रेमलता पदमाकर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निपटारा किया जाए और समाधान की जानकारी आवेदक को दी जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित ▶▶| शेष पेज 12 पर

### आग से लाखों का कबाड़ जलकर राख

**भिलाई।** सोमवार को एक कबाड़ी दुकान में आग लगने जाने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मर दमकल वाहन मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई तीन स्थित वकील खान की कबाड़ी दुकान में धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने फायरब्रिगेड की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि फायर कर्मियों को दुकान के भीतर घुसकर बुझाना पड़ा। अग्निशमन विभाग ने बताया कि यदि समय पर टीम नहीं पहुंचती, तो आग पास की अन्य दुकानों और घरों तक फैल सकती थी। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## कलेक्टर ने गिधवा-परसदा प्रवासी पक्षी विहार का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने गिधवा-परसदा प्रवासी पक्षी विहार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमलता पद्माकर, एसडीएम नवागढ़ सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रणवीर शर्मा ने विहार क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) से मुलाकात की तथा उनसे प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों, आगमन काल, एवं उनके संरक्षण के प्रयासों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। वॉलंटियर्स ने बताया कि इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में पक्षी आते हैं, जिनमें सरस, पेंटेड स्टॉर्क, व्हिस्लिंग टील, कॉमन टील, ओपन बिल्ड स्टॉर्क जैसे पक्षी प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि यहां बर्डिंग गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं में पर्यावरण एवं जैव विविधता के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ रही है।

- प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और इको-टूरिज्म विकास पर दिया जोर



### क्षेत्र का इको टूरिज्म में हो सकता है विकास

उन्होंने कहा कि आगामी समय में इस क्षेत्र को प्रकृति पर्यटन (इको टूरिज्म) के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे और प्रवासी पक्षियों के संरक्षण का संदेश पूरे प्रदेश में प्रसारित होगा। गौरतलब है कि गिधवा-परसदा पक्षी विहार, बेमेतरा जिले का एक प्रसिद्ध प्राकृतिक आर्द्रभूमि क्षेत्र है, जो हर वर्ष सर्दियों में सैकड़ों किलोमीटर दूर से आने वाले प्रवासी पक्षियों के आगमन से जीवंत हो उठता है। यह स्थल पर्यावरण प्रेमियों, पक्षी वैज्ञानिकों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।

### इस प्राकृतिक धरोहर की स्वच्छता एवं सुरक्षा बनाए रखें

कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वयं दूरबीन से प्रवासी पक्षियों का अवलोकन किया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। उन्होंने उपस्थित स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे इस प्राकृतिक धरोहर की स्वच्छता एवं सुरक्षा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि गिधवा-परसदा केवल बेमेतरा की नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की एक अमूल्य प्राकृतिक संपदा है। हमें सामूहिक रूप से इसके संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने नगढा स्थित पक्षी जागरूकता एवं परीक्षण केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां चल रहे सर्वे, डेटा संकलन, एवं पक्षी अवलोकन रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि केंद्र की कार्यप्रणाली को और सशक्त बनाते हुए आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को भी इससे जोड़ा जाए।

### निःशुल्क 'जनमन' पत्रिका और योजनाओं से जुड़े ब्रोशर वितरण से बढ़ी नागरिकों की उत्सुकता

# राज्योत्सव प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित रजत राज्योत्सव के तहत जिला मुख्यालय बेमेतरा के बेसिक स्कूल ग्राउंड में विभागीय प्रदर्शनी का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों ने जिले की 25 वर्षों की विकास यात्रा, उपलब्धियाँ और नवाचारों की झलक पेश की। इनमें जनसंपर्क विभाग का स्टॉल नागरिकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में आगंतुकों को शासन की प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और नागरिक कल्याण कार्यक्रमों से अवगत कराने के लिए 'जनमन' पत्रिका एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित ब्रोशर निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। विभाग की टीम द्वारा नागरिकों को सरल और रोचक ढंग से बताया जा रहा है कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कौन-कौन सी जनहितकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।



जनसंपर्क विभाग के स्टॉल को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक थीम पर सजाया गया है, जिसमें जिले की उपलब्धियाँ और प्रेरक वीडियो प्रदर्शित किए जा रहे हैं। आगंतुकों ने बताया कि जनसंपर्क विभाग का स्टॉल न केवल जानकारी देने वाला है, बल्कि यह राज्य की प्रगति और जनसंपर्क की भूमिका को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। कई विद्यार्थी और युवा आगंतुक 'जनमन' पत्रिका को लेकर अपने साथ शासन की योजनाओं की जानकारी घर ले जा रहे हैं।

### सूचना के साथ संवेदना का संदेश

विभाग के अधिकारी पीआरओ हेमलाल प्रभाकर एवं सहायक जनसंपर्क अधिकारी राहुल बघेल ने बताया कि जनसंपर्क विभाग का उद्देश्य केवल सूचना प्रदान करना नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच संवाद का सेतु बनना है। स्टॉल में "सूचना से सशक्त जनता – समृद्ध राज्य" का संदेश प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, जो लोगों को जागरूक और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रहा है। प्रदर्शनी के पहले ही दिन बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थी और ग्रामीण जन समुदाय जनसंपर्क विभाग के स्टॉल पर पहुँचे और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

**जनहित से जनसंपर्क है मूल भाव:** आने वाले दो दिनों में भी यह स्टॉल जनजागरूकता और जनभागीदारी का प्रमुख आकर्षण बना रहेगा। राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग का यह प्रयास न केवल छत्तीसगढ़ की 25 वर्ष की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बना है, बल्कि यह राज्य के "जनहित से जनसंपर्क" के मूल भाव को सशक्त रूप में प्रस्तुत कर रहा है।



# गुरूनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाईयां


## गुरु नानक देव जी

सिख धर्म के प्रथम गुरु और मानवता के प्रतीक हैं, जिनकी जयंती 5 नवंबर को मनाई जाती है। उन्होंने ईश्वर की एकता, सत्य, करुणा और समानता का संदेश दिया, तथा अंधविश्वास व जाति-पाति का विरोध किया। उनकी चार उदासियों (यात्राओं) का उद्देश्य मानवता में एकता स्थापित करना था। 'नाम जपना', 'किरत करना' और 'वंड छकना' उनके प्रमुख उपदेश थे, जो आज भी मानव कल्याण के लिए मार्गदर्शक हैं। गुरु नानक देव जी सिख धर्म के प्रथम गुरु और विश्व मानवता के प्रतीक माने जाते हैं। इस वर्ष 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी, जो उनके प्रकाश पर्व के रूप में समर्पित है। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि ईश्वर एक है और वह हर हृदय में बसता है। उनके उपदेशों में सत्य, करुणा, समानता और सेवा का गहरा भाव निहित है। उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड और जाति-पांति के भेदभाव का विरोध किया तथा प्रेम और एकता के मार्ग को अपनाने की प्रेरणा दी। गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन ईश्वर-भक्ति, सत्यनिष्ठा और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनकी शिक्षाएं आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक प्रकाश बनी हुई हैं।














सिख धर्म के संस्थापक व प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी के
प्रकाश पर्व की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
गुरु नानक देव जी द्वारा समाज से जातिवाद को मिटाने व आपसी भाईचारा और
एकता को बढ़ाने के लिए दिए उपदेश व शिक्षाएं हम सभी को सदैव प्रेरित करती रहेंगी।


ग्लोबल 4WD एक्सपर्ट
विकसित किसान की पहली पसंद
Solis IN COLLABORATION WITH YANMAR
सोलिस सबसे ताकतवर
4415 मल्टीस्पीड ट्रैक्टर
45HP
13.6 – 28 एक्सपर्ट
पिछला टायर- 34.5 CM X 71.1 CM
सोलिस सबसे ताकतवर
4515 मल्टीस्पीड ट्रैक्टर
48HP
14.9 – 28 एक्सपर्ट
पिछला टायर- 37.84 CM X 71.1 CM
स्पेशल 5वां गियर
10F+5R ट्रांसमिशन
20% ज्यादा (196 Nm) टॉर्क
2891 cc E3 इंजन
2000 kg Cat. लिफ्ट क्षमता
हाइड्रोट्रोनिक हाइड्रोलिक्स
विकसित किसान की पहली पसंद
*2WD में भी उपलब्ध
4-वे एडजस्टेबल सीट
डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर
हाईएस्ट PTO पॉवर
रिवर्स पीटीओ
LED गाइड लाइट्स
Solis प्रोमिस
5 साल* की वारंटी
500 घंटे* ऑयल चेंज अंतराल
*शर्तें लागू


पंजाब एग्रीकल्चर
सभी प्रकार के कृषि यंत्रों के निर्माता
किसानों का साथी
Groundnuts Thresher
Heavy-duty Spray Pump
Punjab Rotavator
Paddy Cleaner
Hydraulic Tractor Trolley
Grass Blower Chaff Cutter
Laser guided leveler
रेजर, रांपा, संगरीबा नांगर, कल्टीकेटर, मताई हैरो, तोता/ पंजा नास,
ट्रैक्टर, चलित पैरा कुट्टी एवं सभी प्रकार के कृषि यंत्रों के निर्माता व विक्रेता।
मो.- 8871650004
पता-चोरभट्ठी, रायपुर रोड बेमेतरा
पंजाब एग्रीकल्चर पता- कोबिया, रायपुर रोड, बेमेतरा मो.- 8871650004

## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों पर खाद्य मंत्री से चर्चा

**नांदघाट।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल जी से बेमेतरा बंगले में छेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत अकोली रोहित निषाद गौसेवा समिति सदस्य विवेक शुक्ला पूर्व सरपंच मुर्रा रामखेलावन वर्मा आदि नेवाओं ने माननीय मंत्री जी से को छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया ।

### नशे की दवा के साथ आठ युवक पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ पुलिस ने आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित आईटीआई ग्राउंड में नशीली कैप्सूल, टैबलेट अवैध रूप से रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करने वालों की जानकारी मिली। पुलिस मौके परर पहुंची और आरोपियों की खोजबीन में जुट गई। घेराबंदी कर बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी रजनीश पांडे, राजीव नगर खुर्सीपार विपिन जेम्स, गौतम नगर खुर्सीपार श्याम कन्हैया विश्वकर्मा, बालाजी नगर रणजीत राम, राजीव नगर अभिजीत साहू, प्रगति नगर छावनी अरबाज खान उर्फ बाबू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर नशे की दवा बेचना स्वीकार किया।

### तीजन बाई का एम्स में इलाज शुरू

**भिलाई।** पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रख्यात पंडवानी गायिका पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई को आज उनके गृह ग्राम गनियारी से रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स रायपुर) ले जाया गया, जहाँ उनका पूरा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम्स रायपुर में मेडिसिन विशेषज्ञ, आहार विशेषज्ञ तथा न्यूरोलॉजी (स्नायु) विशेषज्ञों की टीम द्वारा उनका परीक्षण किया गया। साथ ही फिजियोथेरेपी उपचार भी कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि तीजन बाई का स्वास्थ्य इस समय काफी कमजोर है, हालांकि रक्तचाप और शुगर स्तर नियंत्रित हैं।

## निधन

### महेश कुमार साहू

**साजा।** भाठापारा साजा निवासी वरिष्ठ करारोपण अधिकारी महेश



कुमार साहू (61) का 3 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खुरसुल में किया गया। श्री साहू गायत्री परिवार के भी सक्रिय सदस्य रहे। वे उमा साहू के पति और उर्वशी साव, ओमप्रकाश साहू एवं राकेश साहू के पिता थे।

## पेज 9 का शेष

### जिला पंचायत सीईओ...

करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायतों के निराकरण से वंचित न रहे। ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रीतम सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे जिला स्तर पर रखने और शीघ्र समाधान पाने का अवसर मिला है। कई मामलों का मौके पर निराकरण, शेष को टीएल पंजी में दर्ज किया गया। भूमि, पेंशन, आवास, विद्युत, रास्ता और मुआवजा से संबंधित आवेदन प्रमुख। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

---

**आयोजन : हरमुड़ी में गूंजे श्रीराम नाम के स्वर, गौमाता की सेवा का दिया गया संदेश**

# मां भद्रकाली मानस संघ ने किया दीपावली मिलन का आयोजन, भक्ति, भाव और गौसेवा का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/बेमेतरा

दीपों के पर्व पर जहाँ घर-घर में उजियारा फैला, वहीं ग्राम हरमुड़ी भक्ति रस से सराबोर हो उठा। माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा एवं तहसील मानस संघ नवागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम हरमुड़ी में दीपावली मिलन एवं एकादशी मानस महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन रविवार को किया गया।

■ दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में हुआ भव्य आयोजन

यह आयोजन दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज (सपाद लक्षेश्वरधाम, सलधा) के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। स्वामी ने अपने प्रवचन में कहा- विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार - भगवान श्रीराम ने ब्राह्मण, गौ, देवता और संतों के कल्याण हेतु अवतार लिया। आज संत और देवता का हित तो हो रहा है, परन्तु गौमाता सबसे अधिक कष्ट में है। भारत में प्रतिदिन गौहत्या हो रही है - अतः प्रत्येक सनातनी का परम धर्म है कि वह



गौसेवा और गौपालन को अपने जीवन का संकल्प बनाए। उनकी वाणी से पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवलाल सिन्हा, अध्यक्ष माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में संघ की गत गतिविधियों और आगामी परिकल्पनाओं की जानकारी दी और कहा कि मानस केवल ग्रंथ नहीं, यह जीवन का दर्शन है जो समाज को जोड़ता और सेवा की राह दिखाता है।

### भक्ति सुरों से झूमा हरमुड़ी

भक्तिमय वातावरण में एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, मानस पाठ और लोक भजन प्रस्तुत किए गए। श्रद्धा के फूल मानस परिवार हरमुड़ी (नवागढ़), जय शिव कृपा महिला मानस मंडली मुरता (नवागढ़), माई कृपा मानस मण्डली हथमुड़ी (बेमेतरा), जय श्रीराम मानस मण्डली सोमईकला (साजा), जय गंगा मैया मानस मण्डली नेवनारा (बेरला), विशेष प्रस्तुति श्री राजकुमार ताम्रकार एवं साथी कोसपातर (बेरला), ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़, उमंग मानस परिवार दर्री भिलौनी (नवागढ़) आदि मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति से समस्त रामभक्तों को भावविभोर कर दिया। ग्राम हरमुड़ी की बालिकाओं ने सुंदर रंगोली बनाकर आयोजन स्थल को सुसज्जित किया, जिन्हें संघ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### वरिष्ठ मानस पथिकों का सम्मान

नवागढ़ क्षेत्र में लंबे समय से मानस सेवा में योगदान देने वाले वरिष्ठजनों घुरुवा राम साहू (गोपालभैंना), ईश्वर सिंह राजपूत (घोरहा), जूठेल राम साहू (रनबोड़), उत्तरा साहू (हरमुड़ी), परदेशी राम साहू (मूरता), सीताराम यदु (बहरवोड़), बली राम ध्रुव (तिलईपार), रामनाथ ध्रुव (नवागढ़), कलाराम निषाद (कटई), शिवकुमार वर्मा (कामता), सुकालू राम साहू (तोरा) को वरिष्ठ मानस पथिक सम्मान दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से प्रदान किया गया।

**सुरमयी प्रस्तुति और सधी हुई वाणी का संगमः** कार्यक्रम का आकर्षक मंच संचालन भीखम देवांगन, संतोष साहू, डॉ. ओंकार चंद्राकर एवं कल्याणी सेन ने किया, जिनकी सधी हुई वाणी ने पूरे समारोह को जीवंत बना दिया।

### भक्ति और समर्पण का उत्सव

इस दिव्य आयोजन में जिलेभर के मानस पथिकों सहित माधोराम साहू, राजकुमार ताम्रकार, धर्मेंद्र साहू, चंदू साहू, महेश कुमार साहू, नरेन्द्र जायसवाल, डुमन साहू, जलेश्वर दास मानिकपुरी, डॉ. ललित साहू, सनत कुमार साहू, अदालत सिंह वर्मा, शेर सिंह राजपूत लोकेंद्र सेन सहित ग्राम हरमुड़ी के समस्त ग्रामवासी बड़ी श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम हरमुड़ी के मानस परिवारों एवं भक्तजनों का विशेष योगदान रहा। आयोजन की जानकारी सनत साहू, उपाध्यक्ष माँ भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ ने दी।

---

**आरएडब्ल्यूई रेडी कार्यक्रम के तहत आयोजित हुई कृषक आधारित गतिविधियां**

# कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बिलई में किया ग्रामीण कृषि का अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के बी.एससी. कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा आरएडब्ल्यूई (रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस - रावे) रेडी कार्यक्रम के अंतर्गत बिलई ग्राम में विभिन्न कृषक-आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण परिवेश में कृषि कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना एवं किसानों की समस्याओं और उनके समाधान को निकट से समझना था।

कार्यक्रम की शुरुआत ट्रांजिट वॉक से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने ग्राम के प्रमुख मार्गों, खेतों तथा विभिन्न कृषि स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से



संवाद स्थापित कर उनकी खेती की पद्धतियों, फसल चक्र, सिंचाई व्यवस्था, उर्वरक प्रबंधन एवं नवीन कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने पी.आर.ए. (पार्टिसिपेटरी रूरल अप्रैज़ल ) गतिविधि के तहत रंगोली बनाकर ग्राम के संसाधनों का मानचित्र तैयार किया, जिसमें ग्रामवासियों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्राम की भौगोलिक, सामाजिक एवं कृषि संसाधनों की पहचान कर उनका दस्तावेजीकरण किया। कार्यक्रम का क्रियान्वयन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में किया गया।

**कृषि के व्यावहारिक पहलुओं की दी हुई जानकारीः** सभी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ग्रामीण कृषि प्रणाली को गहराई से समझने, किसानों से समन्वय स्थापित करने तथा सीखे गए अनुभवों को भविष्य की कृषि उन्नति में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा कहा कि इस प्रकार के ग्रामीण प्रशिक्षण से उन्हें कृषि के व्यावहारिक पहलुओं की गहन जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके भविष्य के करियर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. आसित पांडे, डॉ. साक्षी बजाज, श्रीमती कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. प्रीति पैकरा एवं डॉ. महानंद साहू सहित ग्राम के वरिष्ठ किसान उपस्थित रहे।

---

# परमात्मा शिव प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित हो सुना रहे ज्ञान मुरली: बीके पूनम

**अलविदा तनाव शिविर में मनाया गया अलौकिक जन्मोत्सव**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

परमपिता परमात्मा की लोग कितनी महिमा गाते हैं तो जरूर उन्होंने इस सृष्टि पर आकर कोई दिव्य कर्तव्य किया होगा इसके लिए प्रजापिता ब्रह्मा की जीवन कहानी जाननी होगी जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परमात्मा के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया । उक्त बातें इंदौर से पधारी प्रख्यात तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन ने मंडी प्रांगण बेमेतरा में आयोजित नौ दिवसीय निःशुल्क अलविदा तनाव शिविर के सातवें दिन के सत्र परमात्मा का अवतरण विषय के अंतर्गत कही।

ब्रम्हाकुमारी पूनम बहनजी ने बतजब परमात्मा शिव ब्रह्मा बाबा के तन द्वारा ज्ञान देने लगे तो धीरे-धीरे भीड़ बढ़ने लगी । फिर वहां के मुखिया के अनुरोध से बच्चों के लिए हॉस्टल खोला गया जिसे बाद में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कहा गया । उसमें 8 से 16 वर्ष की आयु के 300 बच्चे रहने आये । उन्होंने अलौकिक पिता बन बच्चों की बहुत सुंदर दिव्य पालना की । ब्रह्मा बाबा हमारे गुरु नहीं हैं न ही संस्था के संस्थापक । संस्था के संस्थापक तो परमात्मा शिव हैं । जिस घड़ी परमात्मा पिता ने बाबा के तन में प्रवेश किया उस के बाद उन्होंने अपना तन-मन-धन सब कुछ इस सेवा में समर्पण कर दिया ।

उस धन से यह परमात्मा द्वारा रचित ज्ञान यज्ञ चलता रहा । विदेशों में सन 1972 में सेवा प्रारंभ हुई तथा बेमेतरा में सन 2003 में सेवाकेंद्र खुला । 18 जनवरी सन 1969 में ब्रह्मा बाबा ने 93 वर्ष की आयु में अपनी भौतिक देह का त्याग कर संपूर्ण स्थिति को प्राप्त किया । उसके बाद से शिव बाबा व ब्रह्मा बाबा दादी गुलजार जी के तन के माध्यम से ज्ञान सुनाते रहे व पालना देते रहे।

### विश्व की आत्माओं की उन्नति के लिए है ईश्वरीय विश्वविद्यालय

संस्था का नाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि यह पूरे विश्व की आत्माओं की उन्नति के लिए खोला गया है । यह लगभग सभी देशों में है व यहाँ सर्व धर्म के लोग आकर ज्ञान प्राप्त कर ते हैं तथा मेडिटेशन सीखते हैं । माँ को प्रथम गुरु कहा जाता है इसलिए संस्था को ब्रह्माकुमारी संस्था कहा जाता है । भाई लोग बाहर से सहयोग देते हैं। यहां मानव धर्म सिखाया जाता है एक दो को सहयोग देना, आपस में प्रेम से रहना । यह प्रभु द्वारा रचा हुआ परिवार है ।

यहां 1 घंटे के लिए आकर ज्ञान सुनना व मेडिटेशन सीखना होता है। दिनभर बैठने की जरूरत नहीं है । यहां की सारी सेवाएं रेगुलर मेंबर्स आपसी सहयोग से मिलजुल कर कर लेते हैं । आगे आप ने बताया कि सिंध में 14 वर्ष की गहन तपस्या के बाद शिव परमात्मा की प्रेरणा से सन 1950 में संस्था भारत के माउंट आबू (राजस्थान) में शिफ्ट हो गई। करीब 350 भाई बहनें यहां आकर फिर पूरे भारत में सेवाओं के लिए परमात्मा की आदेशानुसार निकले।

### ये रहे उपस्थित

सातवें दिन दीप प्रज्ज्वलन में माहेश्वरी युवा मंडल अध्यक्ष दिलीप बंटी चाचा एवं माहेश्वरी मंडल पदाधिकारी सहित दयालाल साहू आबकारी उप निरीक्षक, दिलहरण तिवारी योगाचार्य, प्रभात शर्मा अधिवक्ता शामिल हुए ओर ब्रह्माकुमारी पूनम का सम्मान किए।

---

# अंधेर नगरी में सरप्लस राज्य का सच बगैर बिजली के कट रहा जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवागोडान

एक ओर छत्तीसगढ़ खुद को सरप्लस बिजली वाला राज्य बताता है, वहीं दूसरी ओर पंडरिया ब्लाक के सुदूर वनांचल में निवास

■ बैगा आदिवासियों को बिजली नहीं, खराब बैटरी बनी मुसीबत



करने वाली विशेष और संरक्षित बैगा जनजाति आज भी घोर अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा और इसके आश्रित गांव पकरीपानी, सरहापथरा, अजवाइन बाह, मराडबरा में बिजली के खंभे नहीं पहुंचे हैं, और जो सौर ऊर्जा की आस थी, उसकी बैटरी भी खराब पड़ी है। इन हालातों में इन वनवासियों की जिंदगी रात के अंधेरे में कट रही है। जानकारी के मुताबिक इन आदिवासी बहुल गांवों में सौर ऊर्जा के लिए भवन तो बने हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें पर्याप्त बिजली की लाइन नहीं मिलती। तेलियापानी लेदरा के ग्रामीण सुधू, रेतु, इतवारी, दीपा बाई, अघनू आदि ने बताया कि मुश्किल से आधा घंटा रोशनी मिलती है और फिर पूरी रात अंधेरे में काटनी पड़ती है।

बताया जाता है कि पड़ोसी राज्य के सीमावर्ती गांव दादर टोला में बिजली है, किंतु छत्तीसगढ़ के हमारे गांवो में अभी तक बिजली का अता पता नहीं है!जबकि हमने कई बार आवेदन दिया, पर आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं लगी। ग्रामीणों के अनुसार 105 घरों वाले तेलियापानी लेदरा के सिर्फ 12 घरों में ही सोलर प्लेट लगी है बाकी घरों में यह सुविधा भी नहीं है। वहीं अन्य आश्रित गांवों जैसे मराडबरा, पकरीपानी, सरहा पथरा, और अजवाइन बाह को सामुहिक प्लेट वितरण की सूची में नाम नहीं होने के कारण सोलर वितरण से वंचित रखा गया है। सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है कि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा वर्षों से यहां के प्लेट और बैटरी को बदला नहीं गया है। ऑपरेटर का कहना है कि खराब बैटरी को इसलिए नहीं ले जाया जा सकता, क्योंकि उसके बदले में नई बैटरी नहीं आई है। यह प्रशासनिक उदासीनता, बैगा समुदाय के लिए दोहरी मार साबित हो रही है।

**वनांचल में जंगली हाथियों के खतरे के बीच अंधेराः** बिजली न होने से ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि इस क्षेत्र में पिछले कुछ सालों से हाथियों का आना-जाना भी शुरू हो गया है। अंधेरी रात में हाथियों के उत्पात और जान-माल के खतरे के बीच, ग्रामीण भय के साये में जीने को मजबूर हैं।

---

### संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर भागे नाबालिग घर में मिले

**दुर्ग।** रविवार की रात अचानक तीन नाबालिग बाल संप्रेक्षण गृह से भाग निकले। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला शुरु किया। तीनों नाबालिगो को उनके घर के पास ही पकड़ा गया है। उसके बाद तीनों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक एक नाबालिग हत्या, दूसरा लूट और तीसरा अन्य मामले में बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया था। तीनों दीवार फांदकर भाग निकले। जिसकी भनक लगते ही प्रबंधन ने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बच्चों के बाल सुधार गृह से भागने की सूचना मिली थी। तीनों अपने घर के पास ही छिपे हुए थे, पकड़कर वापस बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। बाल संप्रेषण गृह से नाबालिगों के भागने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)